श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
04.12.2025
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष पूर्णिमा संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 104

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:10 बजे
अस्त - 05:10 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 10 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com वीडी राम का परिचालन जारी रखने का अनुरोध >> पेज 03 बॉक्स ऑफिस पर 'तेरे इश्क में' का जलवा बरकरार >> पेज 05

**सुविचार**
प्यार करने से कभी हार नहीं होती। खुद को रोककर रखने से हमेशा हार होती है।

**न्यूज अपडेट्स**

### सीएम हेमंत को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। उच्च न्यायालय ने ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में सशरीर उपस्थिति से छूट दे दी है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अनिल चौधरी की अदालत में बुधवार को इस मामले की सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय के इस फैसले से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें ट्रायल कोर्ट में सुनवाई के दिन सशरीर उपस्थित नहीं होना पड़ेगा। मामले में मुख्यमंत्री की ओर से वरीय अधिवक्ता अरूण चौधरी और अधिवक्ता दीपांकर राय ने पक्ष रखा।

### 72 घंटे के अंदर रिम्स कैंपस से हटाएं अतिक्रमण

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने रिम्स कैंपस की अव्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए 72 घंटे के भीतर पूरे परिसर से अतिक्रमण हटाने का सख्त आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं की गई, तो इसे कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ ने बुधवार को जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रिम्स प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कैंपस में फैला अतिक्रमण मरीजों, छात्रों और अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर असर डाल रहा है। कोर्ट ने पुलिस और जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि किसी भी बहाने या देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**मुठभेड़** बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर मुठभेड़

# 12 नक्सली ढेर तीन जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर-दंतेवाड़ा अंतर जिला सीमा क्षेत्र के पश्चिम बस्तर डिवीजन इलाके में 12 नक्सली ढेर हो गए। इस दौरान तीन जवान बलिदान हो गए तथा घायल दो जवान खतरे से बाहर हैं। मुठभेड़ स्थल से अब तक 12 नक्सली कैडरों के शव बरामद किए गए हैं। शव के साथ मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है।



बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि बुधवार सुबह 9 बजे डीआरजी दंतेवाड़ा-बीजापुर, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ कोबरा की संयुक्त टीम इलाके में सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने आक्रामक कार्रवाई करते हुए 12 नक्सली कैडरों को ढेर कर दिया। इस मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के तीन जवान प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी एवं आरक्षक दुकारू गोंडे एवं रमेश सोड़ी बलीदान हो गए। वहीं, दो जवान सोमदेव यादव और एक अन्य घायल हो गए। फिलहाल, दोनों घायल जवान खतरे से बाहर हैं।

मुठभेड़ स्थल से अब तक 12 नक्सली कैडरों के शव बरामद किए गए हैं। शव के साथ मुठभेड़ स्थल से एसएलआर और .303 की राइफलों के साथ ही अन्य हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किए हैं। माओवादियों के मृत शरीरों की पहचान अभी स्थापित की जानी शेष है। मुठभेड़ क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है, अतिरिक्त रीइन्फोर्समेंट टीमें भेजी गई हैं। फोर्स की बल संख्या पर्याप्त है तथा क्षेत्र को कॉर्डन कर सर्चिंग जारी है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन पूर्ण होने के बाद विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

## झारखंड में कड़ाके की ठंड, शीतलहर का अलर्ट

**रांची।** झारखंड के सात जिलों में 5 और 6 दिसंबर को शीतलहर चलने की संभावना जताई गई है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट लातेहार, गढ़वा, पलामू, चतरा, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला जिलों के लिए जारी हुआ है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जम्मूझकश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण ठंडी और नमीयुक्त हवाएं पूर्वी और मध्य भारत की ओर बढ़ रही हैं। इससे तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है और अगले दो दिनों में कई जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। उन्होंने बताया कि सिर्फ पश्चिमी झारखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के मध्य क्षेत्रों में भी तापमान में और गिरावट दर्ज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से सावधान रहने, आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने और सुबह-शाम बाहर निकलने पर गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 29.4 डिग्री और सबसे कम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस



रिकॉर्ड किया गया। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन सुबह और शाम में भारी कनकनी महसूस की गई। दोपहर की धूप लोगों को अच्छी लगी और लोगों ने अपने घर की छत और खुली जगह में बैठकर इसका आनंद लिया।

बुधवार को रांची का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर का 28.2 डिग्री सेल्सियस और 12.6 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज का 28 डिग्री सेल्सियस और 9.6 डिग्री सेल्सियस, बोकारो का 23.1 डिग्री सेल्सियस और 11.5 डिग्री सेल्सियस तथा चाईबासा का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## राजभवन अब लोक भवन के नाम से जाना जाएगा,अधिसूचना जारी

**रांची।** झारखंड के राजभवन का नाम अब बदलकर अब लोक भवन कर दिया गया है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितीन मदन कुलकर्णी ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। नई अधिसूचना के अनुसार अब रांची और दुमका स्थित राजभवन को आधिकारिक रूप से लोक भवन के नाम से जाना जाएगा। अधिसूचना में बताया गया है कि यह परिवर्तन भारत सरकार के गृह मंत्रालय और झारखंड के राज्यपाल की मंजूरी के बाद लागू किया गया



है। नाम परिवर्तन के फैसले का उद्देश्य संस्थान को अधिक जनोन्मुख और लोकतांत्रिक पहचान देना बताया जा रहा है। इसके लागू होने के साथ ही विभिन्न सरकारी अभिलेखों, पत्राचार, बोर्डों और संकेतक पट्टों में भी जल्द इसका परिवर्तन किया जाएगा।

## हजारीबाग में सड़क हादसे में तीन की मौत, छह घायल

**हजारीबाग।** हजारीबाग में बुधवार सुबह बरही थाना क्षेत्र के गांगटाही पुल के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्ची शामिल हैं। मृतकों की पहचान पूनम देवी (पति श्रीनाथ यादव),



जय भगवान यादव (पिता श्रीनाथ यादव) और अंशिका कुमारी के रूप में हुई है। कार में कुल 10 लोग सवार थे, जो सभी पश्चिम बंगाल के कुल्टी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें ज्योति कुमारी (24, पति जय भगवान यादव), शुभम यादव (6), अभिराज यादव (10), मृत्युंजय यादव (8), धर्मेंद्र यादव (35 वर्ष, पिता श्रीनाथ यादव) और कौशल्या देवी शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत बरही अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गांगटाही पुल के पास स्पीड कंट्रोल के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस मृतकों के परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया में जुटी हुई है और मामले की आगे की जांच जारी है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जिनकी पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

**स्पीकर ने शीतकालीन सत्र को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक, दिया निर्देश**

# एक दिन पूर्व उपलब्ध करायें उत्तर

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रबीन्द्रनाथ महतो बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में शीतकालीन सत्र को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी सत्र के सुचारु संचालन के लिए विभागों पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया। अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों के स्वीकृत अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व शाम चार बजे तक संबंधित विभाग की ओर से



निश्चित रूप से झारखंड विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सत्रावधि के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारियों उपस्थित रहने का निर्देश दिया। स्पीकर ने कहा कि अधिकारी सदस?यों के जरिये दिए गए शून्यकाल की सूचना पर लंबित शून्यकाल का उत्तर उपलब्ध कराएं। साथ ही उन?होंने सदस्यों के स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचनाओं के उत्तर भी समय पर उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन विधेयकों को सभा के विचार के लिए लाया जाना है, उसकी सूचना संबंधित मंत्री के पत्र और विधेयक की प्रति, सत्र में विधेयक के लिए निर्धारित तिथि से तीन दिन पूर्व झारखंड विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जाए ताकि सदस्यों के बीच ससमय विधेयक की प्रतियों का परिचालन हो सके। यदि कोई संशोधन विधेयक लाना है, तो मूल अधिनियम (अद्यतन संशोधन सहित) की पांच प्रतियां अवश्य ही झारखंड विधानसभा सचिवालय के उपयोग के लिए उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित किया जाए। अध्यक्ष ने कार्यपालक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुरक्षा और वाहनों के आवागमन पर भी बैठक में दिशा निर्देश दिया। बैठक में संसदीय कार्यमंत्री, मुख्य सचिव, संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## रांची में निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए रांची जिला प्रशासन ने विधानसभा (नया भवन) के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश 5 दिसंबर सुबह 8:00 बजे से 11 दिसंबर रात 10:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस क्षेत्र में झारखंड उच्च न्यायालय को प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर रखा गया है। रांची जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को जारी निषेधाज्ञा के तहत-पांच या उससे ज्यादा लोग एक जगह इकट्ठा नहीं हो सकेंगे (सरकारी काम और शवयात्रा को छोड़कर)। किसी तरह के हथियार जैसे–बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना पूरी तरह प्रतिबंधित है (सरकारी कर्मियों को छोड़कर)। लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा, भाला जैसे हथियार लेकर चलने की मनाही (सरकारी कार्य में लगे लोगों को छोड़कर)। धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली या सभा का आयोजन भी नहीं किया जा सकेगा। लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग पर भी रोक रहेगी (सरकारी काम को छोड़कर)। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 से 11 दिसंबर तक चलना है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

# राजेंद्र प्रसाद, खुदीराम बोस और अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद और क्रांतिकारी नेता खुदीराम बोस की जयंति एवं परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर कमलेश ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद साधारण परिवार से निकलकर त्यारग और कठिन परिश्रम के बूते राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए। उन्होंने कहा कि हमारी निष्ठापूर्ण श्रद्धांजलि तभी पूर्ण होगी जब हम कांग्रेसजन और झारखंड की जनता इस महान व्यक्तित्व को आदर्श मानकर इनके बताये हुए पदचिन्हों पर चलें। उन्होंने ने कहा कि क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का बलिदान हम देशवासियों को देश के प्रति प्रेम, सर्मपण, त्याग की प्रेरणा देता है। हम देशवासी आजादी की लड़ाई में खुदीराम बोस की बलिदान के सदा ऋणी हैं। कमलेश ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद अल्बतर्ट एक्का की शहादत हम झारखंडवासियों को सदा गौरवान्वित करता है। उनकी शहादत निरंतर हमसबों को देश के प्रति वफादारी और बलिदान की प्रेरणा देता है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में राकेश सिन्हा, रमा खलखो, आलोक कुमार दुबे, सोनाल शांति, नेलीनाथन विनजय भारती बलकू, छोटू सिंह, राजू राम, बैजू गहलोत सहित अन्य शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### नाम के शब्दों से बढ़ता है भावनात्मक लगाव : बाबूलाल



**रांची।** विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजभवन का नाम लोकभवन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता को शासक बोध से हटाकर लोक सेवा के रूप में स्थापित करने की लगातार पहल की है। चाहे मंत्री, वरीय पदाधिकारियों की गाड़ियों से लाल पीली बत्ती हटाने का निर्णय हो या फिर राज पथ को कर्तव्य पथ बनाना, प्रधानमंत्री आवास को लोक कल्याण मार्ग, केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन, राजभवन को लोक भवन और पीएमओ को सेवा तीर्थ के रूप में नामांकित करने जैसे निर्णय लोकतंत्र को मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद को प्रधानमंत्री की जगह प्रधान सेवक कहलाना तय किया है। इतना ही नहीं विकलांग शब्द को हटाकर दिव्यांग कहना यह बताता है कि प्रधानमंत्री भारत के एक-एक नागरिक की भावनाओं के कितने करीब हैं। ये शब्दों का परिवर्तन मात्र नहीं बल्कि मोदी सरकार की नीति और नीयत को दर्शाता है।

## राजधानी ▶ पुलिस-व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक

# जाम के संकट पर प्रशासन से वार्ता करेगा चेंबर



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा पुलिसझ्रव्यवसायी समन्वय समिति की बैठक बुधवार को डेली मार्केट थाने में हुई।

बैठक में थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर (यातायात) पवन कुमार सहित थाना क्षेत्र के बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य पुलिस और व्यवसायी वर्ग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और क्षेत्र की विधि-व्यवस्था से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा करना था।

बैठक में मेन रोड की विभिन्न गलियों जैसे ओसीसी कंपाउंड, एसएन गांगुली रोड, श्री विष्णु गली और लालजी हिरजी रोड में ठेले-खोमचे एवं ई-रिक्शा के कारण उत्पन्न जाम की समस्या पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि नगर निगम और यातायात पुलिस की ओर से मेन रोड में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ठेले-खोमचे गलियों में शिफ्ट हो जाते हैं इससे इन क्षेत्रों के मुहानों पर लगातार जाम की स्थिति बनती है।

व्यापारियों ने दुकानों के गेट पर वेंडर्स की भीड़ से व्यापार प्रभावित होने और रात के समय नशेड़ियों के जमावड़े से उत्पन्न कठिनाइयों से भी अवगत कराया। चर्चा के क्रम में यह महसूस किया गया कि नगर निगम और पुलिस के बीच समन्वय के अभाव में समस्या और अधिक बढ़ी है।

### जाम की समस्या पर प्रशासन से जल्द करेंगे वार्ता : अध्यक्ष

बैठक में चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने सड़कों पर व्यापारिक गतिविधियों के कारण शहर की छवि पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस विषय पर नगर प्रशासक से शीघ्र वार्ता की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा लक्ष्य है कि रांची सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को सुरक्षित, व्यवस्थित और व्यापार-अनुकूल बनाया जाए, ताकि शहर और जिलों की सकारात्मक छवि और मजबूत हो। वहीं थाना प्रभारी ने आवश्यक संसाधनों की कमी का मुद्दा भी रखा, जिसपर चेंबर अध्यक्ष ने डीजीपी से चर्चा करने की बात कही। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि शहर के बीच स्थित इस थाने में टाइगर मोबाइल, महिला बल और एक पीसीआर वैन की उपलब्धता अनिवार्य है। दुकानों के बाहर नशेड़ियों के जमावड़े पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन भी थाना प्रभारी की ओर से दिया गया। उन्होंने वेंडरों के साथ अलग से बैठक करने की बात भी कही। डेली मार्केट दुकानदार संघ के व्यापारियों ने वहां कट बंद होने से होनेवाली असुविधाओं के बारे में बताया। महासचिव रोहित अग्रवाल ने ई-रिक्शा चालकों को जागरूक करने और उनकी काउंसिलिंग करने का सुझाव दिया। सह सचिव नवजोत अलंग ने गुरुद्वारा के पास रविवार को लगने वाले मार्केट से उत्पन्न जाम की समस्या से अवगत कराया। बैठक में चेंबर के कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सदस्य मुकेश पांडेय, शशांक भरद्वाज, राजीव चौधरी, लक्ष्मण कुमार, नितेश गुप्ता, चंद्र प्रकाश जैन, राकेश बुधिया, राजेंद्र प्रसाद, एसपीसिंह, इस्लाम साजिद सहित काफी संख्या में चेंबर के सदस्य उपस्थित थे।

# नियोजन नीति की मांग को लेकर जेएलकेएम की पदयात्रा चार से



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति और छात्र हित के विभिन्न मुद्दों पर बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन ने छह दिवसीय पदयात्रा और नौ दिसंबर को राजधानी पहुंचकर एक दिवसीय विधानसभा घेराव और धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह जाकनारी जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने बुधवार को रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि खतियान आधारित नीति और लंबित छात्र मुद्दों को लेकर सरकार की उदासीनता के खिलाफ अब निर्णायक लड़ाई शुरू होगी। इसी के तहत जेएलकेएम के अध्यक्ष जयराम कुमार महतो चार दिसंबरको डुमरी से पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़ होते हुई नौ दिसंबर को रांची पहुंचेगी। इसके बाद 10 दिसंबर को विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी की मुख्य मांगों में प्रि-मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि भुगतान करने, जेपीएससी एवं जेएसएससी के लंबित परीक्षाओं को जल्द संपन्न करने तथा प्रतियोगी परीक्षा कलेंडर जारी कर समय पर कडाई से पालन करना सहित अन्य शामिल है।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विधायक निधि से तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

# मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : शिल्पा



रांची। झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेता तिर्की ने बुधवार को चान्हो प्रखंड में तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में सोंस बाजार टांड़ में जतरा खूंटा निर्माण एवं सरना स्थल का सौंदर्यीकरण, मसमानो में पीसीसी सड़क निर्माण तथा कोको बुढ़िया पूजा स्थल में शेड और शौचालय निर्माण शामिल है।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री तिर्की ने कहा कि उनके लिए मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। वे धर्म आधारित राजनीति नहीं करतीं, बल्कि समाज के हर वर्ग और समुदाय को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंत्री ने कहा कि सोंस बाजार टांड़ में कभी लगने वाला जतरा और मुड़मा मेला क्षेत्र की पहचान हुआ करता था, लेकिन समय के साथ इसकी चमक फीकी पड़ गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में बाजार टांड़ के जर्जर शेड को भी बदला जाएगा।

कोको बुढ़िया पूजा स्थल का उल्लेख करते हुए तिर्की ने कहा कि इस स्थल के प्रति उनकी गहरी आस्था है। श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने और इस स्थल की पहचान को मजबूत बनाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि मांडर की जनता ने विश्वास जताया है और वह अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभा रही हैं।

शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, निधिया उरांव, शिव उरांव, महादेव उरांव, जॉनी उरांव, मुजीबुल्ला, अजीत सिंह, मंगलेश्वर उरांव, नूरजहां बेगम, निशत परवीन, जावेद अख्तर, हफीजुल अंसारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच के लिए दायर याचिका खारिज, रिजल्ट जारी करने का निर्देश

रांची। जेएसएससी- सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) में कथित पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कराने की मांग के लिए दायर याचिका पर उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया है। बुधवार को उच्च न्यायालय ने इस याचिका को खारिज करते हुए जेएसएससी को रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया है। मामले में उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ में सुनवाई हुई। वहीं पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार, जेएसएससी और वादियों एवं सफल अभ्यर्थियों की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को महाधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल ने इस मामले में सरकार का पक्ष रखा। वहीं सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार सिन्हा और उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने भी बहस की। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज करते हुए जेएसएससी को रिजल्ट जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन 10 अभ्यर्थियों के रिजल्ट प्रकाशन पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है, जिन्होंने नेपाल में रहकर परीक्षा की तैयारी की थी। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब राज्य में जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा के माध्यम से होने वाली हजारों नियुक्तियों का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

## नाम बदल कर भाजपा कर रही राजनीतिक स्टंट : राकेश



**रांची।** प्रधानमंत्री के कार्यालय और राजभवन का नाम बदल कर लोकभवन करने के फैसले की झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने आलोचना की है। सिन्हा ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसपर तंज कसते हुए कहा कि नाम बदल कर भाजपा राजनीतिक स्टंट कर रही है। उन्होंने कहा कि जब राजभवन को लोकभवन कहा जाएगा तो फिर राज्यपाल को भी जनता की ओर से ही चुना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने 11 साल के शासनकाल में रेलवे स्टेशन, सड़क सहित कई योजनाओं का नाम भाजपा ने बदल दिया, लेकिन देश विकास के पथ पर अग्रसर नहीं हुआ। अब प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम भी बदल दिया गया तो एक बार भाजपा भी अपना नाम बदल कर देखे तो संभवतः युवाओं को रोजगार प्राप्त हो जाए और महंगाई भी कम हो जाए। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए सबसे नीचे पायदान पर चली गई है जो भाजपा के नाम बदल लेने से मजबूत हो जाए और किसानों को भी एमएसपी मिल जाए। यदि उपर्युक्त लाभ नहीं है तो नाम बदलने से कोई लाभ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ नाम बदलने का खेल नहीं है बल्कि एक वैचारिक बदलाव और शक्ति का केंद्रीकरण है जिसका उद्देश्य राज्यपालों को सीधा जनता से जोड़कर विपक्षी शासनकाल में अस्थिरता पैदा करना है।

## मनरेगा कर्मियों का मानदेय 30 फीसदी बढ़ाया जाएगा : पंचायती राज मंत्री



**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक हुई। इसमें मनरेगा कर्मियों के हित, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण रोजगार सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा हुई। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मनरेगा कर्मियों का मानदेय तत्काल 30 फीसदी बढ़ाया जाए ताकि कार्मिकों की आर्थिक सुरक्षा और कार्य क्षमता को सुदृढ़ किया जा सके। मंत्री ने मनरेगा कर्मियों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस, एक्सीडेंट इंश्योरेंस के साथ–साथ लाइफ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के लिए एक अलग प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्मिकों के ग्रेड पे को लेकर भी विभाग को प्रस्ताव शीघ्र लाने के लिए कहा। ग्रामीण जनता को रोजगार का जो अधिकार दिया गया है, उसकी मजबूती और निरंतरता सुनिश्चित करना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इस बैठक में राज्यभर में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई और आने वाले समय में इसके और सशक्त क्रियान्वयन पर रणनीति तय की गई। मंत्री ने बताया कि दीदी बाड़ी योजना के मजबूत होने से ग्रामीण महिलाओं को नई शक्ति मिली है और मनरेगा ने राज्य में रिकॉर्ड मैन–डेज निर्माण कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। केंद्र सरकार द्वारा बिना तैयारियों के लागू की गई तकनीकी प्रणाली के कारण मटेरियल पेमेंट में हो रही देरी पर भी विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने भरोसा जताया कि विभाग केंद्र सरकार के साथ सकारात्मक समन्वय में काम कर रहा है और समस्या का समाधान जल्द मिलेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# धान अधिप्राप्ति कार्य से जुड़े स्टेक होल्डरों को दिया गया प्रशिक्षण



**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के तत्वावधान में नगर भवन परिसर में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिये धान अधिप्राप्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तर पर सभी स्टेक होल्डरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन एसी कुंदन कुमार, डीएसओ प्रीति किस्कु, बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, ललित कुमार, जागो महतो सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। प्रशिक्षण सत्र रांची से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संचालित हुआ, जिसमें स्टेक होल्डरों को किसानों से धान प्राप्ति, उपार्जन पोर्टल पर किसानों का पंजीकरण, धान खरीदी के समय बरती जाने वाली सावधानियां, पैक्स एवं लैंपस द्वारा खरीदे गये धान को मिल तक भेजने की प्रक्रिया सहित संपूर्ण कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। एमडी रजनीश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के एमडी रजनीश कुमार ने कहा कि धान क्रय से लेकर मिल तक परिवहन की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिये। सभी स्टेक होल्डर पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी बताया कि किसान ई उपार्जन मोबाईल ऐप के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को आधार नंबर, मोबाईल नंबर और बैंक खाते की जानकारी सही-सही दर्ज करानी आवश्यक है, ताकि भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी न आये। मुख्य अतिथि एसी कुंदन कुमार ने कहा कि धान अधिप्राप्ति कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिये सभी स्तर पर पूर्ण तैयारी और समन्वय सुनिश्चित किया जाय। प्रशिक्षण में पैक्स अध्यक्ष, सचिव, सभी प्रखंडों के सहकारिता पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, एमओ में ललन पासवान, अभिषेक कुमार, सुनील कुमार, अरविंद सिंह, ब्रजेश कुमार, नाग्रेंद कुमार, आलोक तिवारी, अंजन पांडेय, अक्षय पांडेय, राहुल सिंह, राजीव कुमार, राजन कुमार, प्रिंस कुमार, देवेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### व्यापारी की हर्ट अटैक से मौत, 5 दिन पहले बड़े भाई की हुई थी मौत

**सगमा :** धुरकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर बाजार में एक ही परिवार के दो सदस्यों की पांच दिनों के भीतर हृदय गति रुकने से हुई असामयिक मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। लगातार हुई इन मौतों से न केवल परिवार में कोहराम मचा है, बल्कि पूरे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। बुधवार को यह दुखद घटना तब हुई जब बिलासपुर बाजार निवासी सह व्यापारी शैलेंद्र कुमार जायसवाल उर्फ सैलू जायसवाल (उम्र लगभग 50 वर्ष) दोपहर करीब डेढ़ बजे प्रतिदिन की तरह विंढमगंज कोन मोड़ के पास पूर्णिमा नामक यात्री बस को बुक कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें अचानक तेज झटका महसूस हुआ और उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल बिलासपुर लाये और स्थिति गंभीर होने पर वाराणसी ले जाने का निर्णय लिया। हालांकि दुद्धी पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया। पांच दिन पहले ही इसी परिवार के मकरी गांव निवासी नागेंद्र कुमार जायसवाल (उम्र लगभग 55 वर्ष) की भी हृदय गति रुकने से मृत्यु हो चुकी थी। शैलेंद्र का इकलौता पुत्र बिलासपुर बाजार में किराना सामान का थोक व्यवसाय करता है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, डॉ विनोद कुमार, रामचंद्र साह, बिनोद गुप्ता, ब्रजेश कुमार राय, अरविंद कुमार गुप्ता, डब्लू जायसवाल, बबलू जायसवाल, लालबहादुर कुशवाहा, सोनू मौर्य, उदय कुशवाहा, नंदू कुशवाहा, बिलासपुर मुखिया प्रतिनिधि राजू प्रसाद यादव, प्रमुख अजय शाह सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

**संसद** ▶ झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को बंद करने का मामला लोकसभा में उठा

# वीडी राम का परिचालन जारी रखने का अनुरोध

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** कोहरे को कारण बताकर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को बंद करने का मामला लोकसभा में उठा। सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों के आवागमन से संबंधित इस अतिआवश्यक मामले को उठाया। श्री राम ने सदन के माध्यम से रेल मंत्री को अवगत कराया कि रेलवे बोर्ड द्वारा ठंड के मौसम में कोहरे का बहाना बनाकर वर्षों से 12873/12874 हटिया-आनंद विहार अप/डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन रद्द कर दिया जाता है। ऐसा लगता है कि ठंढ के मौसम में इस ट्रेन का परिचालन रद्द करने की एक परंपरा सी बन गई है। इसकी जानकारी देते हुये सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने बताया कि सांसद श्री राम ने उल्लेख किया कि पिछले वर्ष भी रेलवे ने कोहरे का बहाना बनाकर उक्त ट्रेन का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया था, परंतु रेल मंत्री से जनता को आवागमन की कठिनाईयों से अवगत कराने पर उन्होंने उक्त ट्रेन को बंद करने के निर्णय को रद्द कर दिया था तथा ट्रेन का परिचालन जारी रहा था। परंतु इस वर्ष भी रेलवे ने कोहरे का बहाना बनाकर दिनांक 1 दिसम्बर 2025 से 27 फरवरी 2026 तक बंद करने का निर्णय लिया है। उक्त ट्रेन से सर्वाधिक लाभ पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें क्रमशः पलामू एवं गढ़वा के लोगों को मिलता है। देश की राजधानी से कनेक्ट होने और दिल्ली में उच्चतर चिकित्सा संस्थान में इलाज हेतु आने जाने के लिये झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस सर्वोत्तम साधन है। झारखंड प्रदेश का पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं यूपी का सोनभद्र जिला आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं। उपरोक्त जिले के छात्र/छात्राओं, व्यवसायियों एवं मरीजों के आवागमन के साधन को बढ़ाने के बजाय तीन माह के लिये कम करना उचित नहीं है। उन्होंने सदन के माध्यम से व्यापक जनहित में रेल मंत्री से रेलवे बोर्ड के उक्त निर्णय को रद्द करते हुये झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अविलंब चालू कराने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि सांसद श्रीराम ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार को पत्र लिखकर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अविलंब चालू कराने का अनुरोध किया है।

## उन्नत बीज का लाभ उठाकर पैदावार बढ़ाएं किसान : नीतू सिंह

**बंशीधर न्यूज**



**विश्रामपुर :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम) के तहत चना बीज के लिये क्लस्टर चयन को लेकर पांडू प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रमुख नीतू सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में फुलिया पंचायत के लोटरा गांव को क्लस्टर के लिये चयनित किया गया। प्रमुख नीतू सिंह ने वहां के किसानों से सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाकर पैदावार बढ़ाने के लिये अनुरोध किया ताकि किसान आर्थिक रुप से समृद्ध व स्वावलंबी हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक किसान समृद्ध नहीं होंगे तबतक खुशहाल भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्रमुख ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तभी भारत समृद्ध होगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जवाहर पासवान, बीटीएम युसूफ आजाद, किसान मित्र प्रेमसागर सिंह, सन्नी सिंह, श्यामा राम, मिथिलेश चंद्रवंशी, सुशील कुमार, शमशेर आलम, नंदकिशोर राम, मंजूर आलम आदि सहित कई किसान उपस्थित थे।

## राजद, कांग्रेस से नाता तोड़े झामुमो, तभी झारखंड का भला : प्रवीण प्रभाकर

# हेमंत सरकार के पास विकास का स्पष्ट रोडमैप नहीं

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि बिहार चुनाव में राजद, कांग्रेस की ओर से झामुमो को अपमानित किया गया था। यदि झामुमो में आत्मसम्मान है तो उसे तत्काल इन दोनों दलों से नाता तोड़ लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि राजद, कांग्रेस का इतिहास हमेशा से झारखंड विरोधी रहा है, इसलिये झामुमो जितनी जल्दी उनका साथ छोड़ेगी, उतना ही झारखंड के हित में होगा। मेदिनीनगर सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री प्रभाकर ने कहा कि झामुमो जब तक राजद कांग्रेस के साथ है, तब तक राज्य का भला होना मुश्किल है। हेमंत सरकार के पास विकास का कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है। राज्य में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है और विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। उन्होंने कहा कि दो वर्षों से एसटी, एससी और ओबीसी छात्रों को पोस्ट, मैट्रिक छात्रवृत्ति नहीं मिली है, जिसके विरोध में आजसू ने राजभवन का घेराव किया था। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं को न रोजगार दे रही है, न बेरोजगारी भत्ता। कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पूर्व डीजीपी पर गैंगस्टर से संबंध के आरोप लग चुके हैं और राज्य में रोज हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं। प्रभाकर ने झारखंड आंदोलन में आजसू की भूमिका पर प्रकाश डालते हुये कहा कि 1989 में झारखंड आंदोलन की पहली सरकारी वार्ता आजसू के साथ हुई थी। 1999 में गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी के साथ वार्ता में आजसू ने वनांचल की जगह झारखंड नामकरण की मांग रखी थी, जिसे केंद्र सरकार ने स्वीकार किया। कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल आजसू के केंद्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नज्मी से मिलने भी श्री प्रभाकर नावा टोली स्थित उनकी बहन के आवास पहुंचे। इस दौरान केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान, केंद्रीय सचिव विकेश शुक्ला, विजय मेहता, बबलू गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह छोटू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी शुक्ला, उपाध्यक्ष सतीश तिवारी सहित कई नेता उपस्थित थे।

## जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार



**लातेहार :** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर झारखंड उग्रवादी संगठन जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में दो लाख का इनामी एरिया कमांडर सुनील उरांव लातेहार थाना क्षेत्र के नवागढ़ का रहने वाला है। जबकि एरिया कमांडर मुकेश लोहरा मनिका का रहने वाला है। दोनों की गिरफ्तारी लातेहार के नवागढ़ से हुई। बुधवार को प्रेसवार्ता करते हुये एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के उग्रवादी सदर थाना क्षेत्र के नवागढ़ गांव के पास देखे गये हैं। सूचना के बाद लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की गई। पुलिस ने अलग-अलग टीम बनाकर पहले उग्रवादियों की घेराबंदी की और दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर सुनील उरांव पर 7 से अधिक उग्रवादी हिंसा के मामले दर्ज हैं। जबकि मुकेश पर भी कई कांड दर्ज हैं। कुछ दिन पहले पुलिस के साथ हुये मुठभेड़ में भी दोनों नक्सली शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पर निकली रैली, कई दिव्यांग सम्मानित



**मेदिनीनगर :** डीसी समीरा एस ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पर समाहरणालय परिसर से दिव्यांगजनों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कचहरी, छहमुहान होते हुये टाउन हॉल पहुंची। यहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। विभिन्न कानूनी पहलुओं पर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कुर्सी और मेढ़क दौड़, कैरम बोर्ड एवं लूडो प्र?तियो?गिता का भी आयोजन हुआ। मौके पर डीएसडब्ल्यूओ नीता चौहान, एनडीसी नीरज कुमार मौजूद थे। मौके पर डीसी समेत अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शिक्षक पवन कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार तिवारी, अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स राजेश कुमार मेहता, जन सेवक इन्देश प्रजापति, शिक्षिका आकांक्षा तिवारी, महिला पर्यवेक्षिका किरणमाला, शिक्षक संतोष प्रसाद, पलामू दिव्यांग संघ अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा सहित अन?य को सम्मानित किया गया। साथ ही दिव्यांगजनों के बीच विभिन्न प्रकार के उपकरणों का वितरण भी किया गया। मौके पर एसी कुंदन कुमार, डीएलएसए के सचिव, डीएसओ प्रीति किस्कू समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसडी मेमोरियल स्कूल में मनायी गयी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती



**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय स्थित एसडी मेमोरियल एकेडमी में बुधवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर विद्यालय के निदेशक, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा के साथ नमन किया। निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के विद्यार्थी जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन तथा संविधान निर्माण में उनकी भूमिका एवं राष्ट्रपति के कार्यकाल पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद विद्वता, महानता तथा भारतीय संस्कृति के प्रति मूर्ति थे। सादा जीवन उच्च विचार उनका मूल मंत्र था जो हर पीढ़ी के लिये अनुकरणीय है। प्राचार्य अरुण कुमार ने उनके बचपन से जुड़ी अनछुये पहलुओं पर प्रकाश डालते हुये बताया कि उनकी परीक्षा की कॉपी पर स्वयं शिक्षक ने लिखा कि वह शिक्षक से बेहतर हैं। मौके पर छात्रा दीपांजलि कुमारी एवं अन्य विद्यार्थियों ने भी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अमरेंद्र कुमार मिश्र के द्वारा किया गया। जिसमें मृत्युंजय पांडेय, पीयूष कुमार पांडेय, इरशाद अंसारी, देवकृति टोप्पो, अंशु कुमारी, एनिमा कुजूर, मीना केरकेट्टा, नसरीन खातून, जयप्रकाश पांडेय शामिल थे।

# पलामू में कारोबारी प्रमोद अग्रवाल के प्रतिष्ठानों पर जीएसटी की छापेमारी, कारोबारियों में हड़कंप



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** केन्द्रीय जीएसटी विभाग की टीम ने मंगलवार को पलामू जिले के प्रतिष्ठित कारोबारियों में शुमार प्रमोद अग्रवाल के मेदिनीनगर स्थित प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और बही-खाते विभाग की ओर से खंगाले गये। फिलहाल जीएसटी अधिकारी मामले पर आधिकारिक बयान देने से बच रहे हैं। मेदिनीनगर में जीएसटी की कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। वहीं आम नागरिकों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। छापेमारी की सूचना के बीच दोपहर 3 बजे मेदिनीनगर के सूदना में कारोबारी के घर, बीस फुटा पुल गोदाम और सेवा सदन स्थित ऑफिस की स्थिति की जानकारी ली गयी। सेवा सदन स्थित ऑफिस में दोपहर दो बजे तक सन्नाटा पसरा था। ऑफिस का गेट खुला मिला, लेकिन वहां कोई कर्मी मौजूद नहीं था। सूदना में कारोबारी के घर का गेट अंदर से बंद था। प्रमोद अग्रवाल के घर में मौजूद रहने के संबंध में पूछे जाने पर उपस्थिति से इनकार किया गया। कर्मी कुछ भी बोल नहीं पा रहे थे। गेट खोलने के लिये भी तैयार नहीं थे। वे सभी परेशान नजर आये। इसी तरह बीस फुटा पुल गोदाम के पास भी सुनसान था। पलामू पुलिस सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय जीएसटी की टीम स्पेशल फोर्स के साथ छापामारी करने के लिये यहां पहुंची थी। लोकल पुलिस को इसकी सूचना नहीं थी। पुलिस के एक वरीय अधिकारी ने बताया कि बाहर से जीएसटी टीम के द्वारा प्रमोद अग्रवाल के घर कार्यालय और गोदाम पर छापेमारी की गयी है। इधर प्रमोद अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि मंगलवार को साढ़े बारह बजे से डेढ बजे तक एक घंटे तक जीएसटी की टीम ने उनके प्रतिष्ठान में जांच की थी। उन्हें दस्तावेज में किसी तरह की त्रुटि नहीं मिली है। यह मात्र औपचारिक जांच थी।

## न्यूज अपडेट्स

### ड्यूटी के दौरान चौकीदार की मौत

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना में तैनात 53 वर्षीय चौकीदार जितेंद्र राम की ड्यूटी के दौरान अचानक सड़क पर गिरने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक चौकीदार मंगलवार को बाजार क्षेत्र में तैनाती के दौरान बेहोश होकर गिर गया था। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने उन्हें तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उनकी स्थिति को देखते हुये चिकित्सकों ने गढ़वा रेफर कर दिया। जहां से उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया। परिजन इलाज के लिये रांची ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डीसी-एसएसपी ने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर सोमवार को रांची के उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने उन्हें देश का सच्चा वीर बताते हुए उनके योगदान को नमन किया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि लांस नायक अल्बर्ट एक्का ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में अदम्य साहस का परिचय दिया और राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

## गढ़वा ▶ धान खरीद के लिये मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित

# 15 से अधिप्राप्ति संभव

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड रांची द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2025-26 की धान अधिप्राप्ति योजना को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये बुधवार को नगर भवन गढ़वा में डीसी दिनेश यादव की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप जलाकर किया गया। डीसी समेत सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस प्रशिक्षण मॉड्यूल में धान की खरीद प्रक्रिया, न्यूनतम समर्थन मूल्य, किसानों के लिये ऑनलाईन पंजीकरण की प्रक्रिया और संबंधित दिशा निदेशों को शामिल किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित करना है ताकि वे धान खरीद, खासकर ऑनलाईन पंजीकरण और भुगतान प्रक्रिया की आवश्यक जानकारी को जमीनी स्तर पर किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें।

मौके पर डीसी श्री यादव ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुये कहा कि धान अधिप्राप्ति का समय आ चुका है और उन्होंने सभी से पूर्ण पारदर्शिता के साथ जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने की अपील की। उन्होंने धान बुवाई से लेकर अधिप्राप्ति, भंडारण और वितरण तक की पूरी प्रक्रिया की लंबी श्रृंखला का जिक्र किया और कहा कि यदि सतर्कता व सावधानी नहीं बरती गई तो यह पूरी श्रृंखला लड़खड़ा जायेगी, जिससे कृषकों से लेकर जिला स्तर पर सभी स्टेकहोल्डर प्रभावित होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि कृषकों को अपना धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ख्याल रखा जाना चाहिये। उन्होंने सभी स्टेकहोल्डरों, जैसे सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, लैम्पस/पैक्स अध्यक्ष/सचिव, और राईस मिल प्रोपराईटर आदि को ट्रेनिंग मॉडयूल का लाभ उठाते हुये जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु आपसी समन्वय बनाने का निर्देश दिया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम देवानंद राम ने सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुये बताया कि इस वर्ष खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसंबर से प्रारंभ होना संभावित है। उन्होंने कहा कि अधिप्राप्ति के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों के निबंधन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर क्रय पदाधिकारी की उपलब्धता और निबंधित किसानों को सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को धान विक्रय में सुविधा देने के लिये एक नई एप लॉन्च की है, जिसके माध्यम से वे अपने धान को नजदीकी लैम्पस/पैक्स से बिक्री करने हेतु अपनी तिथि और समय खुद बुक कर सकते हैं। यह भी बताया गया कि इस वर्ष सरकार द्वारा बेचे गये धान के समतुल्य राशि का भुगतान एक ही किस्त में किया जायेगा। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी समेत सभी संबंधित पदाधिकारी, जन सेवक, कर्मी और लैम्पस/पैक्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गढ़वा में लगेगा विशेष शिविर, निष्क्रिय खातों की राशि वापस पाने का मौका

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार के तहत जिले में अनक्लेम्ड डिपॉजिट के निस्तारण और जन-जागरूकता हेतु एक जिला स्तरीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 05 दिसंबर (शुक्रवार) को प्रातः 10:30 बजे से नवादा मोड़ स्थित एपीएफएसडी उत्सव गार्डन में आयोजित होगा। शिविर का शुभारंभ डीसी दिनेश कुमार यादव के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वे आमजन को उनके बैंक खातों में पड़े निष्क्रिय/अनुपयोगी खातों, सावधि जमा, पीपीएफ तथा अन्य जमा योजनाओं की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी देंगे। इसके साथ ही इन खातों से संबंधित धनराशि को पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया जायेगा, जिससे लोगों को अपनी पूंजी वापस मिल सके। गढ़वा के अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक सत्यदेव कुमार रंजन ने बताया कि आम लोगों को अपने पुराने खातों और अव्यवहारित जमा राशियों के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने पुराने खाते या मृतक परिजनों के खातों से संबंधित जानकारी लेकर इस शिविर में अवश्य पहुंचें और योजना का लाभ उठाएं।

## ज्ञान निकेतन स्कूल में मनायी गयी देश रत्न की जयंती



**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं भारत रत्न से सम्मानित डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर निदेशक ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार के सारण जिले के जीरादेई गांव में एक साधारण परिवार में हुआ था। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज कोलकाता से कानून की पढ़ाई पूरी की और वकालत करने लगे। 1917 में महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह में भाग लेकर उनका स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ाव हुआ। डॉ राजेंद्र प्रसाद सादगीपसंद, दयालु व निर्मल स्वभाव के व्यक्ति थे, जिन्होंने सादा जीवन और उच्च विचार के सिद्धांत को अपनाया। निदेशक ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद उन भारतीय नेताओं में से एक थे जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। महात्मा गांधी ने उन्हें अपने सहयोगी के रूप में चुना था और साबरमती आश्रम की तर्ज पर सदाकत आश्रम की एक नई प्रयोगशाला का दायित्व भी सौंपा था। डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व और देश भक्ति में ऐसा था कि महात्मा गांधी ने उन्हें देश रत्न की उपाधि प्रदान की। देश की आजादी के बाद 26 जनवरी 1950 को भारत को गणतंत्र राष्ट्र का दर्जा मिलने के साथ ही राजेंद्र प्रसाद देश के प्रथम राष्ट्रपति बने। 1962 में अपने राजनीतिक और सामाजिक योगदान के लिये उन्हें भारत के सर्वश्रेष्ठ नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, निरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, दिनेश कुमार, विकास कुमार, वर्षा कुमारी, चंदा कुमारी, श्वेता कुमारी, संतोष प्रसाद, शालिनी कुमारी आदि उपस्थित थी।

## महिलाओं से कन्या विवाह और विकास सोसाइटी का संवाद, समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन



**गढ़वा :** वार्ड संख्या 21 में कन्या विवाह और विकास सोसाइटी द्वारा मोहल्ले की महिलाओं के साथ बैठक किया गया। यह बैठक सोसाइटी के सचिव विकास माली की अगुवाई में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की स्थानीय समस्याओं को जानना और उनके समाधान की दिशा में काम करना था। महिलाओं ने बैठक के दौरान अपने क्षेत्र की कई बुनियादी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिनमें नाली की व्यवस्था, साफ-सफाई की कमी, सड़क लाईट की समस्या शामिल है। सोसाइटी के सचिव विकास माली ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और महिलाओं को त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि मोहल्ले की महिलाएं अन्य क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों को देखकर स्वयं भी अपनी बात सोसाइटी तक पहुंचाना चाहती थीं, जिसके कारण टीम ने खुद उनसे संवाद करने के लिए मोहल्ले का दौरा किया। विकास माली ने इस दौरान एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला अपना खुद का रोजगार शुरू करना चाहती है, तो संस्था उन्हें छोटे रोजगार खोलने के लिये हर संभव मदद प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे दूसरों पर निर्भर न रहें और स्वयं भी कुछ कमा सकें। विकास माली ने बताया कि सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य समाज, विशेषकर महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देना और उनका समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने एक बार फिर आश्वासन दिया कि वार्ड संख्या 21 में नाली, सफाई और लाइट से संबंधित सभी मुद्दों का निपटारा जल्द ही कर दिया जायेगा।

## आरके पब्लिक में डॉ राजेंद्र प्रसाद को नमन

# सादगी व राष्ट्र प्रथम की भावना को किया याद

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा में बुधवार को विलक्षण व अद्भुत प्रतिभा के धनी भारत के पहले राष्ट्रपति और भारत रत्न से सम्मानित डॉ राजेंद्र प्रसाद की 141 वीं जयंती मनाई गई। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने भारतरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुये कहा कि राजेंद्र प्रसाद का जीवन राष्ट्र प्रेम से भरा था और देश के हर लोगों के हृदय में स्थान पाने के कारण वे देशरत्न कहलाये। निदेशक ने बताया कि राजेंद्र बाबू बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे और अपने विद्यार्थी जीवन में सदा अव्वल रहे। उनके बारे में एक बार एक परीक्षक ने तो लिख भी दिया था कि परीक्षार्थी, परीक्षक से बेहतर है। राष्ट्र प्रथम की भावना से ओत-प्रोत राजेंद्र बाबू ने महात्मा गांधी के आह्वान पर वकालत को छोड़ स्वतंत्रता सेनानी के रूप में कार्य किया। उन्होंने देश के संविधान सभा में सभापति का कार्य करते हुये अपने नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े संविधान का निर्माण करवाया। आजादी के बाद जब हमारा देश गणराज्य बना तो उन्हें देश के पहले राष्ट्रपति बनने का गौरव मिला। अभी तक भारत के इतिहास में वे इकलौते राष्ट्रपति हैं जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल के लिये इस पद को सुशोभित किया। सन् 1962 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि राजेंद्र बाबू विद्वान प्रोफेसर, बैरिस्टर, स्वतंत्रता सेनानी, संविधान निमार्ता और भारत मां के एक महान सपूत थे। सादगी और सदाचार की प्रतिमूर्ति डॉ राजेंद्र प्रसाद का जीवन हम सबके लिये प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों को उनकी जयंती के उपलक्ष्य में सीसीए में भाषण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराने का निर्देश दिया और प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत करने की बात कही। मौके पर प्राचार्य संतोष पाण्डेय, अनुप कुमार पाण्डेय, अनिता सिन्हा, नन्दलाल गुप्ता, गीता पाण्डेय, विकास तिवारी, जागृति चौबे, पूनम राय, इम्तियाज खान, रश्मि शुक्ला, धीरज पाण्डेय, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## बॉक्स ऑफिस पर 'तेरे इश्क में' का जलवा बरकरार

बॉलीवुड स्टार कृति सेनन और धनुष की रोमांटिक-एक्शन फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में उतरी और रिलीज के साथ ही दर्शकों के दिलों में अपनी मजबूत जगह बना ली। साल 2025 खत्म होने से पहले यह फिल्म दर्शकों के लिए एक खूबसूरत तोहफे की तरह साबित हुई है। निर्देशक आनंद एल राय ने एक बार फिर प्रेम, संघर्ष और भावनाओं से बुनी कहानी पेश की, जिसने दर्शकों को पूरी तरह जोड़ लिया। नतीजा यह कि 'तेरे इश्क में' बॉक्स ऑफिस पर दमदार पकड़ बनाए हुए है और सप्ताह के कारोबारी दिनों में भी इसकी कमाई कम होने का नाम नहीं ले रही। सैकनिल्क के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने रिलीज के पांचवें दिन 10.25 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। चौथे दिन यानी पहले सोमवार को जहां यह 8.75 करोड़ रुपये पर थी, वहीं मंगलवार को लगभग 1.5 करोड़ की उछाल के साथ फिल्म ने साबित कर दिया कि यह लंबी दौड़ की दावेदार है। कुल मिलाकर 5 दिनों में फिल्म का कलेक्शन 71 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। 'तेरे इश्क में' ने वरुण धवन की फिल्म 'भेड़िया' का रिकॉर्ड तोड़कर बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ साबित कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'भेड़िया' ने जहां कुल 66.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं 'तेरे इश्क में' इस आंकड़े को पार कर चुकी है। इस उपलब्धि के साथ फिल्म कृति सेनन के करियर की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।

## फिल्म अभिनेत्री कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन बनेंगी दुल्हन



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन जहां अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' की सफलता का जश्न मना रही हैं, वहीं उनके परिवार में भी जश्न का माहौल बनने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कृति की छोटी बहन नुपुर सैनन जल्द शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। धनुष के साथ रिलीज हुई कृति की फिल्म की चर्चा के बीच अब नुपुर की शादी की खबरों ने फैन्स का उत्साह और बढ़ा दिया है। अक्षय कुमार के साथ सुपरहिट म्यूजिक वीडियो 'फिलहाल' से पहचान बनाने वाली नुपुर सैनन ने अपनी शादी के लिए राजस्थान के उदयपुर को चुना है। रिपोर्ट के अनुसार, शादी की रस्में 8 और 9 जनवरी को आलीशान फेयरमोंट उदयपुर पैलेस में होंगी, जो पहले भी कई हाई-प्रोफाइल शादियों की मेजबानी कर चुका है। नुपुर जिसके साथ सात फेरे लेने जा रही हैं, उनका नाम स्टेबिन बेन है, जो एक लोकप्रिय गायक हैं और 'साहिबा', 'रूला के गया इश्क' और 'थोड़ा थोड़ा प्यार' जैसे हिट गाने दे चुके हैं। हालांकि, नुपुर और स्टेबिन बेन ने सार्वजनिक रूप से कभी अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की, लेकिन स्टेबिन कई मौकों पर सैनन परिवार के साथ नजर आए हैं, चाहे पार्टियां हों, पारिवारिक समारोह या वेकेशन ट्रिप। दोनों ने हमेशा खुद को करीबी दोस्त बताया, मगर उनकी कथित शादी की खबरों ने फैन्स को बेहद उत्साहित कर दिया है। नुपुर सैनन कई म्यूजिक वीडियोज का हिस्सा रह चुकी हैं और अब जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने की तैयारी में हैं।

## ) दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण पर सरकार सख्त, लापरवाही पर होगी कार्रवाई



# झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर रांची में निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए रांची जिला प्रशासन ने विधानसभा (नया भवन) के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश 5 दिसंबर सुबह 8:00 बजे से 11 दिसंबर रात 10:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस क्षेत्र में झारखंड उच्च न्यायालय को प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर रखा गया है। रांची जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को जारी निषेधाज्ञा के तहत- पांच या उससे ज्यादा लोग एक जगह इकट्ठा नहीं हो सकेंगे (सरकारी काम और शवयात्रा को छोड़कर)। किसी तरह के हथियार जैसे–बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना पूरी तरह प्रतिबंधित है (सरकारी कर्मियों को छोड़कर)। लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा, भाला जैसे हथियार लेकर चलने की मनाही (सरकारी कार्य में लगे लोगों को छोड़कर)। धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली या सभा का आयोजन भी नहीं किया जा सकेगा। लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग पर भी रोक रहेगी (सरकारी काम को छोड़कर)। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 से 11 दिसंबर तक चलना है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है।



## भारत महासागरों को खुला, स्थिर और नियम-आधारित रखने के लिए प्रतिबद्ध : राष्ट्रपति

**थिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार के लिए अत्यंत रणनीतिक एवं महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र है। इसके केंद्र में स्थित होने के कारण भारत की विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत महासागरों को खुला, स्थिर और नियम–आधारित बनाए रखने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। वसुधैव कुटुम्बकम् के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत का झुकाव सहयोग की ओर है, प्रतिस्पर्धा की ओर नहीं। भारत साझा जागरूकता, क्षमता निर्माण और समुद्रों के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। राष्ट्रपति ने केरल के थिरुवनंतपुरम में नौसेना दिवस–2025 के मुख्य समारोह की शोभा बढ़ाई और भारतीय नौसेना द्वारा प्रस्तुत भव्य ऑपरेशनल डेमो का अवलोकन किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि नौसेना दिवस, मातृभूमि की रक्षा में भारतीय नौसेना के जवानों द्वारा किए गए नि:स्वार्थ सेवा और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश, नौसेना के जांबाज महिलाओं और पुरुषों के पेशेवर कौशल, समर्पण और देशभक्ति के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारतीय नौसेना समुद्री सुरक्षा की मुख्य शक्ति है। खतरे रोकने से लेकर समुद्री लुटेरों से मुकाबला करने, विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा से लेकर मुक्त नौवहन सुनिश्चित करने तक, नौसेना की भूमिका परंपरागत रक्षा से कहीं आगे तक जाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना मानवीय सहायता के क्षेत्र में भी अग्रणी रही है और हिंद महासागर क्षेत्र के संकटों के समय प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में राहत, निकासी और मानवीय सहायता प्रदान करती रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि ह्यसागरह्न दृष्टि के तहत उठाए जा रहे नए कदम अंतरराष्ट्रीय समुद्री समुदाय की सुरक्षा, मानवीय सहायता और समुद्री डोमेन जागरूकता को और मजबूत करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत, सतत विकास के लिए ह्यब्लू इकोनॉमीह्न की क्षमता को उभारने पर जोर दे रहा है और इन प्रयासों में भारतीय नौसेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समुद्री मार्गों की सुरक्षा, समुद्री संसाधनों की रक्षा, अवैध गतिविधियों की रोकथाम और समुद्री अनुसंधान को समर्थन देने जैसे कदम हमारी समुद्री समृद्धि और सुरक्षा को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सशस्त्र बल की युद्धक तैयारियों के लिए आधुनिकीकरण और नई प्रौद्योगिकियों का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि भारतीय नौसेना जटिल प्लेटफॉर्मों के स्वदेशी डिजाइन और निर्माण की क्षमता प्रदर्शित कर रही है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय नौसेना स्वदेशी तकनीक को और विकसित करते हुए ह्यविकसित भारतह्न के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी।

## डीडीसी ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र व पंचायत भवनों का किया निरीक्षण



**विश्रामपुर :** डीडीसी जावेद हुसैन ने बुधवार को विश्रामपुर डाकबंगला परिसर में जिला परिषद के निर्मित दुकानों एवं नये बस पड़ाव का निरीक्षण किया। वहीं उंटारी में आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिना लाईसेंस के दुकान संचालित कर रहे व्यवसायियों को शीघ्र लाईसेंस बनवाने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि डाकबंगला परिसर में बने नये बस पड़ाव को बहुत जल्द आम जनता के लिये चालू कर दिया जायेगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ राजीव सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, दीपक कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा डीडीसी ने उंटारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवन व स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का भी निरीक्षण किया तथा निर्माण गुणवत्ता और संचालन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, बीडीओ श्रवण भगत, सीओ वासुदेव राय, लहर बंजारी मुखिया अशोक कुमार सिंह मौजूद थे।

## दिव्यांग दिवस पर ट्राई साइकिल वितरण और जागरूकता कार्यक्रम



**रमना :** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत में एसबीआई फाउंडेशन से संपोषित और केजीवीके द्वारा संचालित ग्राम सेवा परियोजना के तहत दिव्यांग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम और सहायता शिविर का आयोजन किया गया। सिलीदाग पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी, ग्राम सेवा परियोजना प्रबंधक अशोक मिंज और चिकित्सा अधिकारी डॉ आदित्य अरुणी ने किया। इस अवसर पर ग्राम सेवा परियोजना के माध्यम से दिव्यांगजनों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। साथ ही उनके लिये स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। मौके पर ग्राम सेवा परियोजना प्रबंधक अशोक मिंज ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की गतिशीलता, आत्मनिर्भरता और दैनिक जीवन में सुगमता को बढ़ाना है, ताकि वे समाज में अपनी दक्षता को पूर्ण रूप से प्रदर्शित कर सकें और सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज के एक महत्वपूर्ण अंग हैं। इन्हें भी उसी तरीके से विकसित किया जाना चाहिये जैसे समाज में रहने वाले अन्य लोग। ग्राम सेवा परियोजना के माध्यम से किये जा रहे ये कार्य सराहनीय हैं, इससे न केवल उनके अंदर आत्मनिर्भरता आयेगी, बल्कि वे समाज में अपनी सहभागिता को भी पूरा कर सकते हैं। मौके पर फील्ड ऑफिसर प्रेम शंकर सिंह, ग्राम समन्वयक मधु कुमारी, इंद्रदेव राम, गणेश कुमार, रुबिया देवी, अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

### ऊंटारी रोड प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में बनने वाली सात सड़कों का सामूहिक शिलान्यास

# विधायक नरेश सिंह ने अपने कोटे की राशि से सात सड़कों के निर्माण की रखी आधारशिला

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय के समीप आयोजित कार्यक्रम में अपने कोटे की राशि से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बनने वाली सात सड़कों का सामूहिक शिलान्यास किया। मौके पर राजद व विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जिन सड़कों के निर्माण की आधारशिला विधायक ने रखी उसमें मुरमा कला पंचायत के सलखनी में मेन रोड से मुंद्रिका यादव के घर तक, पिपरखाड़ मोड़ से मेन रोड भोला सिंह के स्मारक तक, परतीमांझी में मेन रोड से अखिलेश विश्वकर्मा के घर तक, परतीमांझी में मेन रोड से विनोद गुरूजी के घर तक, वहीं जोगा पंचायत अंतर्गत कुल्ही मेन रोड से करकट्टा रेलवे फाटक तक, लुंबा सतबहिनी पंचायत अंतर्गत गवरलेटवा मेन रोड से कामेश्वर बैठा के घर होते हुये लठैया नदी तक, रहनबीघा भलुआ पहाड़ से लक्ष्मी पूजा स्थल तक सड़क निर्माण कार्य शामिल है। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि विधायक कार्यकाल का यह अजूबा शुरूआत है। आजादी के 78 वर्ष बीत



जाने के बाद भी पहले ऐसा शिलान्यास कार्यक्रम कभी नहीं हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा पहली बार शिलान्यास कार्यक्रम हुआ जो विधायक निधि से बनने वाली सात सड़कों का एक साथ शिलान्यास किया जा रहा है, जिसमें पूरी पारदर्शिता के साथ निर्माण कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वे पिछले 10 वर्षों से मिशन जन कल्याण के तहत अपनी निजी खर्च से आपके बीच कार्य किया तो यहां के लोगों ने मुझे विधायक बनाकर अपनी सेवा करने का मौका दिया। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की आबादी व पंचायत के अनुसार सभी प्रखंडों में विधायक निधि से कार्य किये जाएंगे। साथ ही विधायक निधि की राशि यदि समाप्त हो जाती है तो मिशन जन कल्याण के तहत पूरे विधानसभा में सभी तरह के कार्य अनवरत जारी रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर राजद कार्यकताओं ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। संचालन महेंद्र नाथ शर्मा ने किया। मौके पर बीडीओ श्रवण कुमार भगत, सीओ वासुदेव राय, प्रमुख अलका कुमारी, विधायक प्रतिनिधि सुनील शर्मा, सुनील बैठा, थाना प्रभारी संतोष गिरी, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुखिया रामबचन राम, कमला देवी, मीना देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)